राजीव गांधी द्वितीय वार्ड

स्वच्छता में जनता ने दिया साथ, बना दिया अव्वल

शहर के दूसरे वार्डों के लिए बना नजीर, मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री के हाथों प्राप्त किया शहर के सबसे स्वच्छ वार्ड का पुरस्कार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। जनसहयोग व नियमित निगरानी के चलते राजीव गांधी द्वितीय वार्ड शहर का सबसे स्वच्छ वार्ड चुना गया। यहीं नहीं पूरे प्रदेश में इसे तीसरा स्थान हासिल किया। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने क्षेत्रीय पार्षद अरुण कुमार तिवारी और नगर निगम के अफसरों को पुरस्कृत किया। क्षेत्रीय पार्षद ने कहा वार्ड में बनी स्वच्छता प्रोत्साहन समिति की मेहनत ने वार्ड को इस मुकाम तक पहुंचाया।

सड़क ही नहीं पार्कों के विकास पर भी ध्यान : पार्षद ने बताया कि वार्ड की स्वच्छता प्रोत्साहन समिति यह सुनिश्चित करती है कि सड़क के साथ पार्कों में भी स्वच्छता दिखे। पार्कों में पौधे लगाए जाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने को धुंध के समय पौधों और सड़क किनारे पानी छिड़कने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। पार्कों में इकट्ठा होने वाली पत्तियों का उपयोग खाद बनाने में किया जाता है। वार्ड से अनावश्यक और बेतरतीब होर्डिंग को नगर निगम प्रशासन के सहयोग से हटवा दिया जाता है।

लखनऊ स्थानीय निकाय निदेशालय सभागार में स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा में राजधानी के विजेता।

प्रोत्साहन समितियां बनाने का मिला अच्छा परिणाम

वायु प्रदूषण आज बड़ी समस्या है। लोगों को धूल व धुएं से निजात दिलाने के लिए ठंड शुरू होते ही घरों के आसपास पानी की फुहार से विषाक्त कड़ों को वायुमंडल से हटा कर जमीन पर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।
- **परमानंद पांडेय,** सदस्य, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति

लखनऊ नगर निगम के 110 वार्डों में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों का गठन करवाया गया है। प्रत्येक समिति में 20 से 25 सदस्य हैं। सभी वार्ड में डोर डोर अभियान चलाकर कचरा डस्टबिन में रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
- **सुनील कुमार मिश्रा,** एसबीएम लीडरशिप विजेता

रोज सुबह 6.30 बजे उठकर वार्ड में सफाई का काम हमारी टीम कराती है। सभी इसमें सहयोग करते हैं। जनता को बताया गया कि वो गीले और सूखे कचरे को डस्टबिन में कैसे रखें। इससे वार्ड में जगह-जगह कूड़ा फैलने की स्थिति में काफी सुधार हुआ।
- **डॉ. भरत राज सिंह,** अध्यक्ष, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति

वार्ड के सफाई कर्मियों को नगर निगम का पट्टा मुहैया कराने के कराने के साथ ट्रालियों पर नगर निगम की पेंटिंग कराई, ताकि लोग जागरूक हो सकें। सभी के सहयोग से स्वच्छता के में वार्ड को शहर में पहला तो प्रदेश में तीसरा स्थान मिला।
- **रामायण सिंह,** सचिव, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति

ऐसे बना सबसे स्वच्छ वार्ड

■ प्रोत्साहन समिति के सदस्य ने की सफाई की निगरानी ■ कूड़े के साथ अनावश्यक होर्डिंग भी हटवाईं ■ गीले-सूखे कूड़े के लिए अलग डस्टबिन लगे ■ जैविक कचरे से खाद बनाने की कवायद हुई ■ सड़क पर कूड़ा फेंकना बंद कराया ■ नाली-नालों की सफाई भी प्राथमिकता पर कराई ■ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को प्रभावी बनाया

दूसरे वार्डों को इनसे सीखने की जरूरत

राजीवगांधी वार्ड द्वितीय वार्ड से शहर के बाकी 109 वार्ड को भी सीखना चाहिए। यहां पार्षद और स्वच्छता प्रोत्साहन समिति सदस्यों ने जनसहयोग से पूरा परिदृश्य बदल दिया है।

...तो प्रदेश में आ जाता अव्वल

राजीव गांधी द्वितीय वार्ड में विनयखंड, विरामखंड और विधायकपुरम जैसे इलाके आवासीय में व्यावसायिक उपयोग की समस्या से जूझ रहे हैं। शोरूम, रेस्त्रां की गंदगी सड़कों पर फैलती है। कूड़ेदानों का उपयोग भी जरूरत के मुताबिक नहीं हो पाता है। जरूरत है कि नगर निगम और एलडीए इस समस्या को यहां खत्म कराएं। वहीं छोटे भूखंड वाली गलियों में अब भी सफाई की अच्छी व्यवस्थाएं और जागरूकता नहीं है। ये समस्याएं न होंती तो वार्ड प्रदेश में अव्वल आ जाता।

राजीव गांधी द्वितीय वार्ड में ऐसी है सड़क की सफाई।

अगली बार लखनऊ बनेगा नंबर वन

सफाई में इस बार हम तीसरे नंबर पर हैं, अगली बार लखनऊ को पहले नंबर पर लाना है। इसके लिए काम शुरू कर दिया है। सभी 110 वार्ड में 110 अधिकारी लगाए गए हैं। सड़कों पर खुले में बने पड़ाव घरों को हटाकर कॉम्पैक्टर मशीन में बदला जा रहा है। 20 करोड़ का बजट जहां शासन से मांगा है। कुछ काम स्मार्टसिटी, सीएसआर फंड से भी होंगे। अगले सप्ताह में मुख्य सड़कों की सफाई मशीनों से शुरू होगी। मशीनें दो-तीन दिन में मिल जाएंगी। 32 बाजारों में अब रात के समय सफाई के साथ कूड़ा भी उठेगा।
- **इंद्रमणि त्रिपाठी,** नगरायुक्त

हमने सफाई के अलावा दूसरे कामों पर भी ध्यान दिया है। वार्ड में खेलकूद के लिए दो बड़ी सुविधाएं होंगी। विनयखंड मिनी स्टेडियम के बाद अब विरामखंड में भी अटल क्रीडा स्थल बनाया जा रहा है। यहां कुश्ती जैसे खेलों को बढ़ावा मिलेगा। क्रिकेट, बैडमिंटन, ताईक्वांडो जैसे खेलों के लिए भी जगह रहेगी।
- **अरुण कुमार तिवारी,** पार्षद, राजीव गांधी वार्ड द्वितीय